सांवरा आने वाला है | By Amit Kalra Meetu

धीरज धर मनवा सांवरा आने वाला है
सर पे तेरे मोरछड़ी लहराने वाला है
आने वाला है सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा……………

बहुत सताया बहुत रुलाया बहुत तुझे तड़पाया है
चुपके तेरी नींद चुरा कर कितनी रात जगाया है
बड़े स्नेह से आकर हृदय लगाने वाला है
आने वाला है सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा……………

माया ने तुझको जकड़ा है मोह ने तुझको घेरा है
काम क्रोध मद लोभ और अहंकार का डेरा है
इन सारे दोषों से तुझे छुड़ाने वाला है
आने वाला है सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा……………

गुरु रूप धर कर आएगा प्रेम सुधा बरसायेगा
तुझको सखी बना बंसी में प्रेम के नग्मे गायेगा
भव सागर से तुझको पार कराने वाला है
आने वाला है सांवरा आने वाला है
धीरज धर मनवा……………

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-amit-kalra-meetu/